**सुविचार** -अगर आपको कुछ करके दिखाना है तो आपको ये जगह छोड़नी ही होगी क्योंकि बिना जमीं छोड़े पंछी भी उड़ नहीं सकते ।


साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -9 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-15 जनवरी 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8


## बलात्कारियों को बेल, देशभक्तों को जेल

इसे हमारे देश का दूर्भाग्य ही कहा जाएगा जहां बलात्कारियों को पैरोल पर पैरोल मिल जाती है लेकिन देश के हित में बात करने वालों को जेल में डाल दिया जाता है। अपने देश में विज्ञान को नई उँचाईयों पर पहुंचाने वाले लद्दाख के हीरों सोनम वांगचुक 100 दिनों से जेल में बंद है । वे लद्दाख के हित की बात कर रहे थे उनकी आवाज को दबाने केलिए उन्हें जेल में डाल दिया गया है ताकि वे वहां के लोगों की आवाज को बुलंद नही कर पाएं। अपने देश की सेवा के लिए कई विदेशी ऑफर को ठुकरा चुके वांकचुक को उनके वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए कई अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर अहिंसक आंदोलन कर रहे वाकचुंक के खिलाफ कई गलत धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें जेल में बंद कर दिया गया । बिना किसी गुनाह के देश के सच्चे सेवक को जेल में डालकर देश से एक सच्चा देशभक्त छीन लिया गया है। वहीं दूसरी ओर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद और शरजिल इमाम को जमानत नहीं मिली। उमर एक ऐसे केस में जेल में बंद है जिसका अभी तक ट्रायल भी शुरू नहीं हुआ है। उनकी जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कई आशाएं टूट गई है।

**-श्रद्धा मंडलोई**

## 12 वीं पुण्यतिथि पर मां को सादर नमन

ममता की सबसे सलोनी सूरत है मेरी मां ।<br>
तेरे ही आंचल में रहना चाहती थी मैं सदा।।<br>
पर नियती ने छीन लिया,सबसे प्यारा सहारा ।<br>
होनी के आगे किसकी चलती है भला।।<br>
तुम्हारी अनगिनत यादें ही है, अब मेरा आसरा।<br>
तुम जैसी मां को पाकर, धन्य रहूंगी मैं सदा।।<br>
स्त्री के हर रूप की प्रेरणा हो तुम मां ।<br>
हर जन्म में तुम्हीं मेरी मां बनो, बस यहीं है तमन्ना ।।

**-श्रद्धा मंडलोई**

## 2 घंटे में कार्रवाई– हाईवे पर कारों में तोड़फोड़ व ट्रक ड्राइवर से मारपीट करने वाले 6 आरोपी हिरासत में

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया, बनखेड़ी–पिपरिया हाईवे पर ट्रक से टक्कर के विवाद को लेकर कार सवारों से मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपियों को पिपरिया (मंगलवारा) थाना पुलिस ने घटना के महज दो घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया। आरोपियों ने न केवल शिकायतकर्ता की कार, बल्कि एक राहगीर की कार के शीशे और साइड मिरर भी तोड़ दिए थे।

घटना का विवरण –थाना पिपरिया में दर्ज शिकायत के अनुसार, 11 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे शिवम कहार निवासी पंचमढ़ी रोड पिपरिया अपनी कार से रामपुर की ओर से पिपरिया आ रहे थे। खिड़िया मोड़ पर सफेद रंग की बोलेरो (क्रमांक **MP 49 T** 0796) में सवार 6 लोगों ने ट्रक से टक्कर की बात को लेकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने शिवम की कार (**MP 20 CE** 7991) और एक अन्य राहगीर की कार (**MP 04 CU** 1406) के सामने के कांच और साइड मिरर तोड़ दिए। मामले में मारपीट व तोड़फोड़ की धाराओं में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

नाकाबंदी कर पकड़ी बोलेरो, रेलवे स्टेशन के पास दबोचे 3 आरोपी –पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्ण एसथोटा (भ्पै) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन (रा.पु.से.) एवं एसडीओपी पिपरिया श्री मोहित कुमार यादव (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

घटनास्थल निरीक्षण और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ के बाद बोलेरो की तलाश शुरू की गई। शोभापुर रोड पर नर्मदापुरम की ओर जाते हुए बोलेरो को नाकाबंदी कर रोका गया, जिसमें 3 आरोपी मिले। शेष 3 के रेलवे स्टेशन की ओर भागने की सूचना पर दूसरी टीम रवाना की गई, जिसने पिपरिया रेलवे स्टेशन के आउटर से उन्हें भी पकड़ लिया।

हिरासत में लिए गए आरोपी– अनुराग सिंह (21), निवासी सेमरी हरचंद्र, देवेंद्र सिंह जाट (45), निवासी हथवास पिपरिया, स्थायी पता अमृतसर (पंजाब), धर्मेंद्र सिंह (46), निवासी हथवास पिपरिया, स्थायी पता अमृतसर (पंजाब), कुलदीप (38), निवासी हथवास पिपरिया, स्थायी पता अमृतसर (पंजाब), अमर (39), निवासी सेमरी हरचंद्र, अज्जू मालवीय (28), निवासी जमुनिया सेमरी

टीम की भूमिका – कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी (थाना प्रभारी पिपरिया), उपनिरीक्षक राजेंद्र कुशवाहा, उपनिरीक्षक भागचंद्र धुर्वे, प्रधान आरक्षक अरुण जुदेव, प्रधान आरक्षक प्रकाश खेमरिया, आरक्षक दीपक लोधी, राधेश्याम, पवन मेहरा एवं ललित हरणे शामिल रहे।

पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

(छगन कुशवाहा पिपरिया)

## पिपरिया में स्मैक तस्करी का खुलासा 09.47 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया, नर्मदापुरम पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 09.47 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके एक साथी की तलाश जारी है। जब्त स्मैक की कीमत करीब 17 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा एसडीओपी पिपरिया मोहित कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना स्टेशन रोड पिपरिया की टीम ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य सेन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को 13 जनवरी की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना मिली कि पिपरिया अंडरब्रिज से रेलवे स्टेशन जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन से निम्मा मोड़ की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ा।



पूछताछ में उसने अपना नाम बीकर सिंह पिता रामचंद सिंह (34) निवासी ग्राम नारायणगढ़, थाना अमलो, जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 09.47 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया गया।

पुलिस पूछताछ में स्मैक तस्करी में राज साहू निवासी हथवास, थाना पिपरिया की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/21 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी – बीकर सिंह, पिता रामचंद सिंह, उम्र 34 वर्ष, निवासी नारायणगढ़ (पंजाब) फरार आरोपी–राज साहू, निवासी हथवास, पिपरिया

जब्त सामग्री– 09.47 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर, अनुमानित कीमत–17 हजार रुपए

कार्रवाई में शामिल टीम, –

निरीक्षक आदित्य सेन, उपनिरीक्षक अमित सिंह भारद्वाज, सहायक उपनिरीक्षक पंकज नामदेव, प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे, नंदकिशोर, प्रकाश सिंह चौहान सहित आरक्षक प्रभाकर चौधरी, दुर्गेश गुर्जर, सतीश चौरे, चंद्रप्रकाश, संजय कुशवाहा एवं प्रेमशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

–छगन कुशवाहा पिपरिया

## पर्व/त्यौहार पर तीन स्थानीय अवकाश घोषित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिला नर्मदापुरम में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थनीय अवकाश घोषित किए है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा 25 सितंबर शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गा नवमी (महानवमी) एवं 11 नवंबर बुधवार को भाई दूज (दीपावली) पर्व/त्यौहार के अवसर पर संपूर्ण जिला नर्मदापुरम में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवकाश बैंक/कोषालय/उप कोषालय पर लागू नही होगा।

## सम्पादकीय

# चुनावी राज्यों में ईडी की सक्रियता पर उठे सवाल

जिन–जिन राज्यों में चुनाव होने वाले होते है वहां ईडी की सक्रियता कई सवाल उठाती है। बीते कुछ सालों में ईडी की टाइमिंग सवालों के घेरे में रहीं है । आम तौर पर देखा जाता है कि चुनाव के पहले ईडी पुराने मामलों को लेकर बड़ी कार्रवाई करती नजर आती है यह पैटर्न आम है पहले महाराष्ट्र, दिल्ली, झारखंड और अब बंगाल , तमिलनाडू, असम , केरल , पुडुचेरी में चुनाव से ठीक पहले ईडी ने फाइलें खोलना शुरू कर दिया है। बंगाल में आई – पैक से जुड़े ठिकानों पर हाल ही में ईडी ने कार्रवाई की है। तमिलनाडू में शराब , रियल एस्टेट और शेल कंपनियों से जुड़े केस पर कार्रवाई की जा रहीं है। असम में कांग्रेस और एआईयूडीएफ से जुड़े नेताओं पर कार्रवाई का डर । केरल में सोना तस्करी और सहकारी बैंक मामलों में मौजूदा सरकार घिरी है। पुडुचेरी में भी एजेंसी की नजर है।

ईडी भले ही कहती रहे कि इसका काम कानून के तहत जांच करना है और चुनाव से कोई लेना देना नहीं, लेकिन बीते कुछ सालों में दिल्ली, झारखंड और महाराष्ट्र के रूप में उदाहरण हमारे सामने है , जहां चुनाव से पहले सत्ताधारी सरकार के शीर्ष नेताओं पर ईडी ने शिकंजा कसा और राज्य में सारे समीकरण ही बदल गए और मौजूदा सत्ताधारी दल को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी को जीत हासिल हुई थी। विपक्ष भी ईडी के मुद्दे को उठाता रहा है । उनका आरोप है कि ईडी और सीबीआई सरकार के हक में काम कर रहीं है। सरकार जब जिसको चाहे किसी भी मामले में उलझा कर सारे समीकरणों को अपने हक में करने में इन एजेंसियों का सहारा ले रहीं है। अब बंगाल का ही मामला ले लीजिए पांच साल पुराने केस पर पहला छापा चुनाव से दो से तीन माह पहले डाला गया है।

## पिपरिया विधानसभा की बेटी सुनीता सराठे को रिलायंस फाउंडेशन सम्मान

### विश्व कप विजेता इंडियन ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को नीता अंबानी ने किया सम्मानित

### टी20 वर्ल्ड कप जीत पर बनखेड़ी में जश्न, नयागांव में खुशी का माहौल

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया,नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी विकासखंड के छोटे से गांव नयागांव की बेटी सुनीता सराठे ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सुनीता विश्व कप विजेता भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य रहीं, जिसने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर टीम को रिलायंस फाउंडेशन सम्मान से नवाजा गया, जिसे रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने प्रदान किया। विश्व कप फाइनल में सुनीता सराठे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल टीम का पहला विकेट सटीक थ्रो से गिराया, जिससे भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत मिली। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में भी सुनीता का प्रदर्शन सराहनीय रहा और टीम की जीत में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नयागांव सहित पूरे बनखेड़ी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से उत्सव का माहौल बना हुआ है। सुनीता के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। गांव ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी लोग लगातार पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर और एक–दूसरे को बधाई देकर इस सफलता का जश्न मनाया। सुनीता सराठे की यह उपलब्धि न केवल नयागांव बल्कि पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गौरव और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन गई है।



## डोलरिया में राष्ट्रीय युवा दिवस पर 'रन फॉर स्वदेशी' और रक्तदान कार्यक्रम

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।**(छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् डोलरिया, शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेश दिनांक 9 जनवरी 2026 के परिपालन में महाविद्यालय परिसर में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत सास की हायर सेकेंडरी स्कूल डोलरिया में सामूहिक सूर्य नमस्कार से हुई, जिसमें महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थी एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता की। सूर्य नमस्कार के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश वर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. मोहन सिंह हिंडोलिया ने स्वदेशी अभियान पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को दौड़ एवं राष्ट्रनिर्माण के मिशन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में इटारसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. शशांक प्रताप चौहान, डोलरिया ग्रामवासी सत्यनारायण परिहार, जिला सेवा भारती संयोजक आशीष भदौरिया की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मालविया ने बताया कि 'रन फॉर स्वदेशी' के पश्चात राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं द्वारा रक्तदान भी किया गया कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. विनोद राय, स्वामी विवेकानंद पोस्ट प्रभारी श्रीमती प्रेमलता पाटिल, डॉ. वंदना नामदेव, डॉ. पंकज साहू, अनिल रजक, राकेश राजपूत, शुभांशु गौर, साधना सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में हुआ परिवर्तन

### प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक किया गया समय निर्धारित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। नवीन आदेश के अनुसार, अब आंगनबाड़ी केंद्र 15 फरवरी तक प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम श्री ललित डेहरिया ने बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार प्रातः 10 बजे से आंगनवाड़ी खोलना तथा बच्चों का स्वागत करना, निर्मल समय बच्चों की साफ–सफाई का अवलोकन तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की व्यक्तिगत साफ–सफाई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार प्रातः 10.30 बजे से 11.00 तक सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, प्रातः 11.00 बजे से 11.30 बजे तक बच्चों को नाश्ता दिया जाएगा, प्रातरू 11.30 बजे से 12.00 बजे तक बच्चों के द्वारा स्वतंत्र खेल, प्रातः 12.00 बजे से 12.30 बजे तक छोटे समूह की गतिविधियों का आयोजन, प्रातः 12.30 बजे से 01.00 बजे तक भाषा एवं साक्षरता पूर्व कौशल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 01.00 बजे से 01.30 बजे तक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 01.30 बजे से 02.00 बजे तक बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक भोजन एवं बच्चों को उनके गंतव्य (अभिभावको) तक पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार दोपहर 0300 बजे से 04.30 बजे तक थर्ड मील–रोजाना, पूरक पोषण आहार, पोषण परामर्श–नियत दिवस, मंगल दिवस–नियत दिवस, वृद्धि निगरानी–नियत दिवस, सबला/किशोरी बालिका योजनांतर्गत परामर्श–नियत दिवस, गृह भेंट–नियत दिवस आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। दोपहर 4.30 बजे से लेकर 5.00 बजे तक का समय रिकॉर्ड संधारण के लिए निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया हैं।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार ।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें ।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला ।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज ।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता



न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है ।

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697,
9893692487,
9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है ।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स चयन ट्रायल्स 14 से, पिपरिया में होंगे विभिन्न खेलों के आयोजन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।**छगन कुशवाहा पिपरिया) पिपरिया,मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ओलंपिक खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 10 से 31 जनवरी तक विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में युवाओं को खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत कुल 28 खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो–खो, रस्साकसी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, जूडो, एथलेटिक्स, क्रिकेट, योगासन, पिट्ठू, बॉक्सिंग, मलखंब, टेनिस, तैराकी, हॉकी, शूटिंग, कयाकिंग–कैनोइंग, फेंसिंग, रोइंग, आर्चरी, ताइक्वांडो एवं थ्रोबॉल शामिल हैं। इनमें से 8 खेलों का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जाएगा। विकासखंड स्तर के चयन ट्रायल्स 14 से 18 जनवरी तक विकासखंड स्तर पर चयन स्पर्धाओं का आयोजन 14 से 18 जनवरी 2026 तक पिपरिया में विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा।




खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाइन लिंक– **https://gms-khelompyg25-com/ registration&form** के माध्यम से अथवा ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरकर सहभागिता कर सकते हैं। चयन ट्रायल्स में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, 10वीं की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं मध्यप्रदेश मूल निवासी प्रमाण पत्र आवेदन फॉर्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

चयन ट्रायल्स का कार्यक्रम इस प्रकार है–14 जनवरी 2026 स्थान– शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरिया । कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, जूडो, योगासन – सुबह 11 बजे । पिट्ठू, खो–खो – दोपहर 2.30 बजे । 15 जनवरी 2026 स्थान– बेरसेवा इंटरनेशनल स्कूल, पिपरिया

वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स – सुबह 11 बज 16 जनवरी 2026 स्थान– शासकीय सांदीपनि आरएनए स्कूल, पिपरिया

कबड्डी, रस्साकसी – सुबह 11 बजे बैडमिंटन– अलका टॉकीज परिसर बैडमिंटन हॉल, पिपरिया – दोपहर 3 बजे 17 जनवरी 2026 स्थान– सेंट जोसफ स्कूल, पिपरिय

शतरंज, बास्केटबॉल – सुबह 11 बजे । क्रिकेट– यूथ क्रिकेट अकादमी, बनवारी रोड, पिपरिया – दोपहर 3 बजे 18 जनवरी 2026 स्थान– शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरिया

बॉक्सिंग, मलखंब, टेनिस, तैराकी, हॉकी, ताइक्वांडो – दोपहर 2.30 बजे खेलों से संबंधित अधिक जानकारी के लिए प्रीतम सिंह पुर्विया, समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मोबाइल नंबर 9993337170 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आखिरी गेंद पर छक्का, आरसीसी बनखेड़ी चौंपियन रोमांचक फाइनल में नर्मदापुरम को 2 विकेट से हराया, सतपुड़ा ट्रॉफी का समापन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।**पिपरिया, राज्य स्तरीय सतपुड़ा ट्रॉफी लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आख़िरी गेंद तक सांसें थामे रखने वाला रहा। अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर अजय मिश्रा ने सिक्स जड़कर आरसीसी बनखेड़ी को चौंपियन बना दिया। रोमांचक फाइनल में आरसीसी बनखेड़ी ने नर्मदापुरम को 2 विकेट से हराते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 1 लाख की पुरस्कार राशि मिली, जबकि उपविजेता नर्मदापुरम को ध्50 हजार से संतोष करना पड़ा।




शासकीय सांदीपनि आरएनए स्कूल खेल मैदान पर दोपहर 1 बजे टॉस जीतकर नर्मदापुरम ने पहले बल्लेबाजी चुनी। आक्रामक शुरुआत के बावजूद आरसीसी बनखेड़ी के सधे हुए आक्रमण के आगे नर्मदापुरम की पारी लड़खड़ाती रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम 17.3 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। पार्थ ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। आरसीसी की ओर से इरफान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी बनखेड़ी की शुरुआत भी खराब रही। दूसरे ओवर में दो विकेट गिरने के बाद विकेटों का पतन जारी रहा। नर्मदापुरम की कसी गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग ने मुकाबले को आख़िरी ओवर तक खींच दिया। अंतिम 6 गेंदों में 13 रन चाहिए थे। आख़िरी गेंद पर 4 रन की जरूरत थी, तभी अजय मिश्रा ने लंबा छक्का जड़कर स्टेडियम को तालियों से गूंजा दिया। अजय ने 33 रन की निर्णायक पारी खेली। नर्मदापुरम की ओर से जैन ने 4 और अनुराग ने 3 विकेट लिए। फाइनल जीत के साथ ही आरसीसी बनखेड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपने जुझारू प्रदर्शन की मुहर लगाई, वहीं नर्मदापुरम की टीम ने भी शानदार खेल से दर्शकों का दिल जीता।

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक
(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

सुपर सिलेक्शन
मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम
श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स
(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)


हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है
असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।
सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया
प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!
बिना झिझक के खरीदे

बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा
आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, ड्क्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानवदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए। हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट
परम्परा कलेक्शन
दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया
मो. 8109570880, 9893570880

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...
रघुजी नमकीन
एक विश्वास
रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार
शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,
-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471



बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन
फोन- 222664, 224664
अधिकृत विक्रेता My Cem Cement
श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर
डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां





ताजी लस्सी मो. 9425310452
(पुड़ी सब्जी-गरमा गरम)

-राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## प्रभु सर्वव्यापी हैं

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



यह मानव का स्वभाव है कि वह अपने आप को सबके आगे अच्छा जताना चाहता है। जब हम काम पर या पड़ोसियों या दोस्तों के साथ होते हैं, तो हम ऐसे कार्य करने का स्वभाव रखते हैं कि सभी हमारे बारे में अच्छा सोचें। यदि हमारे अंदर में कोई बुराई हो तो हम उन से छुपाते हैं।

अगर हमें पता चले कि हम दूसरों से जो छुपाते हैं, वह प्रभु के आगे एक खुली किताब है तो हमें यह एहसास हो सकता है कि हमें हर समय अच्छे गुणों का प्रदर्शन करना चाहिए।

इस विषय के संबंध में महापुरुष एक किस्सा बताते हैं कि एक पिता अपने बालक को चार छोटे केले देते हैं और उसे कहते हैं कि वह दो खुद खाए और दो अपनी बहन को दे। उस बालक ने अपने हिस्से के केले खाए जो उसे बहुत पसंद आए, उसको बाकी दो केले खाने की इच्छा हुई पर उसने वे अपनी बहन के लिए रख दिए। उसकी बहन उस वक्त घर पर नहीं थी। उस बालक के पिता ने गौर किया कि पूरे दिन उन केलों को उस बालक ने हाथ नहीं लगाया, वो सबेरे से शाम तक वही पड़े रहे। सामान्य रूप से बच्चे अपने भाई-बहन का हिस्सा खा लेते हैं, पर इस पिता को अचरज हुआ कि उसके बेटे ने ऐसा नहीं किया।

बाद में उसके पिता ने पूछा 'बेटा मैंने देखा कि आपने अपनी बहन के हिस्से के केले नहीं खाए, आप उन्हें खा सकते थे और किसी को पता भी नहीं चलता।' उस बालक ने जबाव देते हुए कहा कि 'यह दो केले मेरी बहन के हिस्से के हैं, अगर मैं इन्हें खा लेता तो प्रभु मुझे देख लेते। आप ही ने तो हमें सिखाया है कि प्रभु सब देखते हैं।'' इंसान और प्रभु के रिश्ते के बारे में उस बच्चे की समझ सही थी। जीवन की छोटी आयु में ही उसे यह समझ आ गया कि यह सोचना गलत है कि हम कहीं भी कुछ भी करें पर प्रभु हमें नहीं देख रहे होते।

लोग सोचते हैं कि प्रभु कहीं आकाश में हैं, या अंतरिक्ष में, या ऐसी जगह पर हैं जो हमसे दूर है। पर हमें यह सिखाया जाता है कि प्रभु हमारे भीतर हैं। क्या प्रभु हमारे हृदय में हैं ? या दिमाग में हैं ? प्रभु कहाँ हैं ?

प्रभु वह शक्ति है जो हममें व्याप्त है। यही वह शक्ति है जो हमें जीवन देती है। हमारा शरीर जो सांसारिक तत्वों से बना है, वह वास्तव में हमारा असली रूप नहीं है। हमारे शरीर को प्रभु की शक्ति ही चलाती है। यह शक्ति आत्मा का हिस्सा है, जो इस शरीर को चलाती है। हमारी आत्मा उस परमात्मा के महासागर की एक बूंद है, हमारी आत्मा परमात्मा का एक हिस्सा है। जो भी कार्य हम करते हैं, परमात्मा को उन सब का पता है।

अगर हम उस बच्चे के जैसी सोच रखें कि परमात्मा की नजर हमेशा हम पर है तो हमारे नकारात्मक तरीकों से काम करने की संभावना कम होगी। हमारी जिंदगी बदल जाएगी। हमारी आध्यात्मिक प्रगति में उन्नति हो जाएगी। जब हम यह सोच कर चलेंगे कि प्रभु की नजर हमारे हर कार्य पर है, हमारा व्यवहार सर्वश्रेष्ठ होगा और हम अपना ज्यादा से ज्यादा समय ध्यान-अभ्यास में बिताएंगे। हम दूसरों की सबसे अधिक सेवा करेंगे। एक सप्ताह या एक दिन के लिए अगर हम खुद को यह चुनौती देते हैं कि हम इस जागरुकता के साथ जियें कि प्रभु हमारे भीतर हैं, हमें हर समय देख रहे हैं तो हम अपने आध्यात्मिक जीवन में बहुत बड़ा सुधार पाएंगे।

हमारी हमेशा यह कोशिश होनी चाहिए कि हम ध्यान-अभ्यास की आदत अपनी जिंदगी में ढालें, इस आदत का फल यह होगा कि हमारा मन, जो बार-बार विचारों, बोलों और कार्यों पर हमारा ध्यान लगाकर हमें प्रभु से दूर रखता है, वह काबू में आ जाएगा और तब हम अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लक्ष्य को पा सकेंगे।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर योगाभ्यास

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय बाचावानी में स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों ने योग किया गया जिसमें स्थानीय सीएचओ श्रीमती रीता भंवर ने पहुंचकर बच्चों को योगाभ्यास कराया और शरीर स्वस्थ रखने के लिए जीवन में योग जरूरी है ऐसे कुछ विंदुओं पर योग कराकर शरीर को निरोगी स्वास्थ्य रखने की प्रेरणा दी इस अवसर पर स्कूल की प्रभारी श्रीमती सीमा मैडम नेहा मैडम श्रीमती प्रमिला पटेल श्रीमती सुषमा दुबे श्रीमती ज्योति पाल और शिक्षक चन्द्रशेखर पटेल रसोईया पंच राजपाल यादव उपस्थित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## दीनदयाल नगर में अन्नकूट महोत्सव समिति ने मनाया नव वर्ष मिलन समारोह

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** दीनदयाल नगर स्थित गार्डन में अन्नकूट महोत्सव समिति द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया जिसमें सभी सदस्यों, वार्डवासियों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराते हुए नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी। उपस्थित वरिष्ठजनों ने कॉलोनी को सुंदर बनाने हेतु विचार विमर्श हुआ जिसमें सभी ने अपने सुझाव रखे जिस जगह हम रह रहे हैं वहां की साफ सफाई रखना हमारा नैतिक दायित्व है। साथ ही इंदौर की घटना से सबक लेते हुए पेयजल, सीवर लाइन आदि प्रमुख समस्याओं को हल करवाने के लिए नगरपालिका प्रशासन, अध्यक्ष महोदय,विभिन्न विभागों के सभापतियों को भी अवगत कराया जाए जिससे समस्या का त्वरंत निवारण हो सके। बच्चों के लिए पहेली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जिससे बच्चों में हर्ष उल्लास दिखाई दिया। माह में एक बार एकत्रित होकर मेल मुलाकात करने का सुझाव उपस्थित सदस्यों द्वारा दिया गया जिसका सभी ने समर्थन किया अंत स्वल्पाहार वितरण कर सभी का आभार व्यक्त किया। अन्नकूट उत्सव पर इस कार्यक्रम में डॉक्टर पंकज मणि पहाड़िया श्रीकिशन यादव, सुनील सोनी, प्रवीण शुक्ला आदि सभी साथियों की टीम ने कालोनीवासियों का सहयोग लेते हुए आमंत्रण दिया और सारी व्यवस्थाये जुटाकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया इस कार्यक्रम में वार्डवासियों ने भी उत्साह से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें सर्व श्री हरिलाल यादव ,डॉक्टर पंकज मणि पहाड़िया, एस एन नोरिया , प्रवीण शुक्ला, दीपक नूरिया, प्रशांत चौधरी, हेमराज पटेल, फूलसिंह अहिरवार, ओमप्रकाश ग्यारसे, पप्पू मनवारे, ए के महलहा, संजय त्रिपाठी ,कन्हिया सोनी , आलोक तिवारी, पप्पू सोनी ,बलराम सोनी,रामलाल यादव मासाब,अशोक मालवीय रामकिशन चौरे ,विनोद वर्मा । कार्यक्रम का सफल संचालन किशन यादव ने किया।



## भूरा भगत धाम सांगाखेड़ा में भंडारा एवं नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न।।

'नर्मदा पुरम जिले सहित अन्य जिले के सजातीय बंधुओ ने शिरकत '

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत भूरा भगत आयोजन समिति पिपरिया के सदस्यों द्वारा छिंदवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत जुन्नारदेव के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा में विराजमान कतिया समाज के आराध्य देव एवं देवों के देव आदि महादेव के परम भक्त संत भूरा भगत महाराज के पावन धाम सांगाखेड़ा में रविवार को भंडारा कार्यक्रम एवं नववर्ष मिलन सामारोह का आयोजन कराया। जिसमें कतिया समाज के विभिन्न प्रांतों से एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से सामाजिक जन भंडारा एवं नव वर्ष मिलन सामारोह कार्यक्रम में हिस्सा लेने पधारें। सर्वप्रथम समिति सदस्यों ने संत भूरा भगत महाराज की पूजा अर्चना कर सिंदूर एवं जनेऊ वस्त्र धारण कराएं तत्पश्चात संत भूरा भगत महाराज की आरती की एवं भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इसके बाद भूरा भगत धाम में पधारे विभिन्न प्रांतो के सामाजिक बंधुओ ने नव वर्ष की एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर उनके मंगल मय जीवन की कामना की इस अवसर पर खंडवा से पधारे गोविंद प्रसाद नागवंशी, छिंदवाड़ा से पधारे वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोहर आरसे ने सामाजिक उत्थान एवं नए नवाचार के संबंध में संक्षिप्त में अपने विचार रखें।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य राकेश पगारे,राजेश कुमार ग्यारसे,विनोद नागौत्रा (गुड्डू भैया), गोपाल कृष्ण सूर्यवंशी ,योगेश दत्त नाग,रविशंकरआम्रवंशी,योगेश नागवंशी , दिनेश ढाकरिया,पूरन नागवंशी ,हरि गोपाल बेलवंशी,देवेन्द्र राज,पचमढ़ी समिति सदस्य डोरीलाल बेलवंशी, प्रकाश बान,बंन्टी नागवंशी रमाकांत नागवंशी का सराहनीय योगदान रहा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन कृष्ण गोपाल सूर्यवंशी ने समिति की तरफ से व्यक्त किया।

## नवांकुर संस्था भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर ने ओल नदी इमलिया गाडरवारा खुर्द पर बनाया बोरी बंधान

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोबिंदनगर ने उमरधा सेक्टर के ग्राम इमलिया के पास ओल नदी पर 160 बोरियों का बोरी बंधान बनाया। भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास के ग्राम विकास प्रमुख ओमकार सिंह राजपूत के नेतृत्व में बनाये गये बोरी बंधान में आशीष बादल, बलवान गुर्जर बंटी यादव,पवन पटैल,दीपक बादल, अभिषेक बादल,सतीश सराठे वीरेंद्र पटैल रामकुमार गौतम, रूद्र प्रताप राजपूत महेंद्र सिंह राजपूत,पवन गौतम, कामता दुबे,हीरा लाल राजपूत, प्रेमनारायण राजपूत लोकेश राजपूत राजेश राजपूत जगदीश कहार, रामदयाल धानक लाल सिंह मेहरा मौजी हरिजन मुख्य रूप से उपस्थित रहें।



# प्रदेश के सभी जिलों में हर मंगलवार से जून सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे – मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

जनसंपर्क नर्मदापुरम । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने हर मंगलवार से जल सुनवाई करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि यह जल सुनवाई नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत से लेकर ग्राम पंचायतों में होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नल जल में लीकेज की जल्द पहचान करने और उसे मौके पर ही ठीक करने के लिए पहली बार रोबोट की भी मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जल सुनवाई स्वच्छ जल अभियान, जल सुरक्षा, जल संरक्षण के उद्देश्य के तहत होगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त अभियान को वर्चुअल लॉन्च किया और यह भी कहा कि जल सुनवाई पूरी गंभीरता से की जाए। किसी भी हाल में दूषित पानी की आपूर्ति नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए साफ पानी पहुंचाने के वैकल्पिक इंतजाम हो। जो भी मैदानी अफसर इस काम को करने में आनाकानी करेंगे या लापरवाही बरतेगे उनके विरुद्ध तत्काल ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सुनवाई से आम जनता को मिलेगा सुनवाई का हक और होगी साफ पेयजल की सुनिश्चितता। अभियान के क्रियान्वयन के लिए जन जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दो चरणों में अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। द्वितीय चरण 1 मार्च से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत समस्त जल शोधन संयंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियो की साफ सफाई की जाएगी साथ ही जीआईएस मैप आधारित ऐप से सभी की निगरानी की जाएगी। इस दौरान पेयजल पाइपलाइन में दूषित मिश्रण को रोकने की कार्रवाई की जाएगी, साथ ही जीआईएस मेंप पर वॉटर पाइपलाइन और सीवेज पाइपलाइन की मैपिंग की जाएगी। इंटर पॉइंट सेक्शन का भी चिन्हांकन होगा और हर घर जल लीकेज की जांच की जाएगी। सभी पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के माध्यम से नागरिकों को साफ पीने का पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस उद्देश्य की पूर्ति करने के लिए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल की गुणवत्ता का नियमित रूप से परीक्षण किया जाएगा। एसटीपी की भी होगी नियमित रूप से निगरानी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता दूषित पेयजल की शिकायत 181 पर कर सकेगी साथ ही पेयजल से संबंधित समस्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगम आयुक्त, सभी संभाग के संभागायुक्त, कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए अपनी जवाबदारी का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जवाबदारी है कि हम साफ जल घर–घर तक पहुंचाएं। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच करें। यदि पेयजल दूषित है तो वैकल्पिक पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में आम जनता को दूषित पेयजल की सप्लाई न होने पाए। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि हर मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन कर गंभीरता से पेयजल संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के एनआईसी कक्ष में नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमती मंजू सिंह तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद की स्वेच्छानुदान निधि से 27 व्यक्तियों को इलाज हेतु 1,35 लाख की सहायता राशि जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की अनुशंसा पर उनकी राज्यसभा स्वेच्छानुदान निधि से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने 27 व्यक्तियों को इलाज हेतु 1 लाख 35 हजार रुपए की सहायता राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की राज्यसभा स्वेच्छानुदान निधि से इलाज हेतु श्री चंपालाल, मनीषा, कैलाश चंद्र, शिव शंकर सिंह, रविराज सिंह, राघवेंद्र सिंह, अनमोल राजपूत, ध्रुव मीना, अभिषेक चौरे, प्रदीप कुमार, सुभाष सिंह, मर्दन सिंह, अमरीश पटेल, प्रेम नारायण पटेल, शैलेंद्र सिंह, संदीप परसाई, मनमोहन सिंह, संदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नमामि चौहान, संजीव परसाई, पृथ्वी सिंह, दीपक दुबे, विशाल सैनी, मोहन दास सैनी, कमलेश मालवीय एवं रमेश कुमार को 5–5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# नर्मदापुरम जिले में चाइना निर्मित मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चाइना निर्मित मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। यह आदेश नर्मदापुरम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि चाइना निर्मित मांझा मानव जीवन, विशेषकर राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं एवं जनहानि की आशंका बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश विक्रय करने वाले दुकानदारों को संबोधित है अतः इसकी सूचना न्यायालय के सूचना पटल, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय, पुलिस थाना, तहसील कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, नगरपालिका परिषद कार्यालयों तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530



चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन क्पाउंड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## अपने चित्त को प्रसन्न रखिए

जिसके हृदय में जीवों के लिए अनन्य भाव समाया हुआ है, उसे शांति मिलती है, वही शोक-समुद्र से तरता है, वही बंधन से छूटता है और समस्त दुःखों को भेदता है। जो शिकायत करता रहता है, दूसरों से उद्विग्न होता रहता है, झुँझलाता रहता है, वह समस्त सुखों से आवृत्त रहते हुए भी दुःखी रहता है। जो दूसरों के उपद्रव, अपराध और बाधाओं को शांत चित्त से सह लेता है, दूसरों द्वारा हानि, अड़चनें और परेशानियाँ पहुँचाएं जाते रहने पर भी मन को मलिन नहीं करता, वही अक्षय शांति प्राप्त करता है। यह अक्षय शांति दुष्प्राप्य अवश्य है, किन्तु साधना से सुलभ है, यदि हमारा अभिमान गल जाए, हम अपने आप को मिटाने को तैयार हो जाएँ और हमारे हृदय में भाव टिक जाए कि हम शुद्ध चैतन्य-स्वरूप हैं। लौकिक दृष्टि से भी विचारें, तो चित्त की प्रसन्नता से लाभ ही लाभ है। प्रसन्न -चित्त व्यक्ति मित्र-संग्रह सरलतापूर्वक कर लेता है। अपना दुखड़ा ही रोते रहने वाले को प्रायः लोग झिड़कते ही रहते हैं। प्रत्येक मनुष्य मनः शांति ढूँढता है, अतएव कोई भी मनुष्य व्यर्थ में ही रंजोगम के वातावरण में पड़कर दुःखी नहीं होना चाहता। रोने वाले को बहुधा अकेले ही रोना पड़ता है और हँसने वाले का साथ अनेक लोग देते हैं। स्मरण रखिए कि रोने वाला बहुत कम मित्र बना पाता है। रोने वाले उतने मित्रों को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पाते, जितने कि आपदाओं को धैर्य पूर्वक सहने वाले।

अखण्ड ज्योति -अक्टूबर 1956 पृष्ठ 12

## सोहागपुर विधायक की स्वेच्छानुदान निधि से 19 व्यक्तियों को आर्थिक सहायता राशि जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम।सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह की स्वेच्छानुदान राशि से 19 हितग्राहियों को 2 लाख 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है। विधायक के प्रस्ताव पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उक्त आर्थिक सहायता राशि जारी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राजकुमार यादव को 20 हजार अनिल कुमार यादव को 20 हजार, अखिलेश कुमरे को 20 हजार, श्री मदन मोहन धोती को 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है। इसी क्रम में श्रीमती रजनी प्रधान, रमेश कुमार यादव, वीकेश, राकेश, मोनू कीर, अजीत कीर, भैया लाल कीर, राजकुमार मवासी, गणेश सिंह, कमल सिंह, राहुल यादव, श्रीमती मुनिया बाई, श्रीमती सोना बाई मेहरा, सतीश कुमार और योगेश कलमे को 10 –10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है।

## आरटीओ द्वारा की गई पिपरिया बस स्टैंड पर बसों की जांच

एक्स्ट्रा एलईडी लाइट जप्त, नियम उल्लंघन पर काटे गए चालान

जनसंपर्क नर्मदापुरम । परिवहन आयुक्त तथा संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ)



श्रीमती रिंकु शर्मा द्वारा पिपरिया स्थित पचमढ़ी बस स्टैंड एवं पिपरिया मुख्य बस स्टैंड पर बसों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दोनों बस स्टैंड पर 15 से अधिक बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। आरटीओ द्वारा वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वे बस के समस्त वैध दस्तावेज सदैव अपने साथ रखें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन संचालन करें।

अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 4 बसों से कुल 14 एक्स्ट्रा एलईडी लाइट जब्त की गईं एवं संबंधित वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। आरटीओ श्रीमती रिंकु शर्मा ने बताया कि जिन वाहनों पर कर बकाया है अथवा जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।






# कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज –**

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- ☞समृद्धि प्लास्टिक्स
- ☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- ☞LED लाईट्स
- ☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
- ☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
- ☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- ☞LED लाईट्स
- ☞समस्त हार्डवेयर
- ☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर– आनंदा गट्टानी

# पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील

✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श

✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण

✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।

# मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है ,   समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

**अधिकृत विक्रय–**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेना सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास–गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# ऐसे नहीं चलते देश !

☐ प्रेरणा

आसपास के सभी पड़ौसी देशों के साथ तनाव हमें कैसी वैश्विक परिस्थितियों में ले जा रहा है? और क्या यह बढ़ता तनाव हमारी बचकानी हरकतों के चलते नहीं बन रहा है? प्रस्तुत है, हाल में बांग्लादेश के एक क्रिकेट खिलाड़ी को लेकर हुई बेहूदी उछल-कूद के बहाने हमारी विदेश और कूटनीति की प्रेरणा द्वारा की गई समीक्षा। —संपादक

जब हम बच्चे थे, तब हमें एक कहानी सुनाई जाती थी बहुत साधारण, बहुत मानवीय। कहानी थी, दो बच्चों की, जो खेलते-खेलते लड़ पड़े। दोनों पड़ोसी थे, उनके परिवार, दोस्त भी थे। शाम को दोनों के पिता घर लौटे और अलग-अलग 'अदालतों' में सुनवाई हुई। दोनों बच्चों ने अपनी-अपनी कहानी सुनाई। धीरे-धीरे बात बच्चों से निकलकर पिताओं तक पहुँची और फिर अपने-अपने 'सचिन तेंदुलकरों' को लेकर दोनों घरों में बोलचाल बंद हो गया।

विडंबना यह थी कि दोनों परिवार पड़ोसी थे, दोस्त थे और माताओं ने मिलकर छोटा-मोटा कारोबार भी शुरू कर रखा था। अब धर्म-संकट खड़ा हो गयाक् रोज़ का नुकसान, मानसिक तनाव अलग। कुछ ही दिनों में बच्चे अपना झगड़ा भूल गए और फिर साथ खेलने लगे। तब माता-पिताओं को अपनी मूर्खता समझ आई बच्चों का झगड़ा सुलझाने के बजाय वे खुद उसमें उलझ गए और अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली।

इस कहानी की सीख साफ़ थी-झगड़े बातचीत से सुलझाने चाहिए, ख़ासकर तब, जब आप एक ही घर में रहते हों या पड़ोसी हों, क्योंकि ऐसे रिश्ते चुने नहीं जाते, बने-बनाए मिलते हैं, लेकिन आज के हालात अलग हैं। सत्ता के नशे में चूर लोग न समझना चाहते हैं, न समझाए जा सकते हैं ख़ासकर उन्हें, जो खुद को अवतार समझ बैठे हैं। अब आप कहेंगे, इसमें नया क्या है? नया कुछ नहीं बस क्रिकेट हो गया।

'इंडियन प्रीमियर लीग' यानि 'आईपीएल' नामक एक बेहद बाज़ारू खेल हर साल होता है। करोड़ों की बोली, करोड़ों का जुआ। सब जानते हैं, फिर भी सब उसमें डूबे हैं। इसी दौरान फ़िल्मी अभिनेता शाहरुख़ ख़ान ने अपनी 'कोलकाता नाइट राइडर्स' टीम के लिए बांग्लादेश के एक खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को ख़रीद लिया। हां, ख़रीद लिया मेरी भाषा ख़राब नहीं है।

बस फिर क्या था। कहीं से कोई बिगड़ा हुआ, नादान परिवार का नादान बच्चा आया और धर्म को खेल में घसीट लाया। धर्म का खेला आना ही था-क्योंकि बंगाल में करोड़ों के चुनाव जो आने वाले हैं। पड़ौसियों में ठन गई। शाहरुख़ ख़ान ने खिलाड़ी को टीम से हटा दिया। जवाब में बांग्लादेश ने कह दिया कि भारत और श्रीलंका में होने वाला 'टी-20 वर्ल्ड कप' भारत में नहीं खेलेगा और बांग्लादेश में मैचों का प्रसारण भी नहीं होगा!

जब से भाजपा सरकार आई है, भारत पाकिस्तान क्रिकेट खेलने नहीं जाता। जवाब में पड़ोसी हमारे यहां नहीं आते। अब दूसरे पड़ौसी से भी झगड़ा कर लिया, तो उन्होंने भी आने से मना कर दिया। अब क्या? अब तो सरकार ही जाने। मोटा-मोटा समझ यही आता है कि भारत सरकार को फिर वही पुरानी कूटनीति अपनानी पड़ेगी-लगा तो तीर, नहीं तो तुक्का। कह दिया जाएगा कि यह सरकार की नीति नहीं है, शाहरुख़ ख़ान अपने खिलाड़ी को खिला सकते हैं, 'टी-20 वर्ल्ड कप' हो सकता है। आखिरकार -बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया।

क्रिकेट, उससे होने वाली कमाई और क्रिकेट के नशे में सब कुछ भूल जाने वाला देश सब कुछ दाँव पर लगा है। सिर्फ़ इसलिए कि किसी शाहरुख़ ख़ान से नाक रगड़वाई जा सके। भाजपा सरकार यह भी जानती है कि जब अमेरिका भारत के निर्यात पर बंदिशें लगा रहा है, तब यह खेल बहुत महंगा पड़ सकता है। बांग्लादेश भारत का आधे से ज्यादा सूती यार्न ख़रीदता है। तिलहन की खली सबसे ज़्यादा, मसालों में तीसरे स्थान पर और चावल, शक्कर, खनिज, ईंधन एवं पेट्रोलियम उत्पाद, वाहन एवं मशीनरी इन सबमें बांग्लादेश भारत के टॉप-टेन निर्यात बाज़ारों में है।

लेकिन हमारे नेताओं और उनके पिछलग्गुओं को लगता है कि दुनिया दादागिरी से चलती है। जैसे रास्ते के गुंडे-मवाली गाली-गलौच, तोड़फोड़ और धमकी से काम निकालते हैं ताकि कोई शाहरुख़ ख़ान डर जाए और कोई सुधा मूर्ति माफ़ी माँग ले। इनसे सवाल कौन पूछे?

जिस बांग्लादेश में हिंदुओं की मॉब लिंचिंग पर भाजपा और उसके भगत आग-बबूला हैं, उसी बांग्लादेश की शेख़ हसीना को भारत सरकार ने शरण दे रखी है जिनके सोलह साल के शासन में हिंदुओं पर हमले हुए, मंदिर टूटे और लोग मारे गए।

अपने ही देश के मुसलमानों के प्रति अंधी और उग्र नफ़रत में डूबा समाज यह समझने से इनकार कर रहा है कि वह किस दिशा में धकेला जा रहा है। यह नफ़रत सिर्फ़ भीतर की एकता नहीं तोड़ती, बल्कि बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन जैसे देशों के बीच एक खतरनाक सामरिक मेल को भी मज़बूत करती है जिसके सामने घरेलू शेख़ी और मर्दानगी के नारे बेमानी साबित होंगे। आज की दुनिया नैतिकता से नहीं, ताक़त से चल रही है। अमेरिका वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उठा लेता है। इसराइल ग़ाज़ा को मलबे में बदल देता है। रूस यूक्रेन को कुचल रहा है। न क़ानून बचा है, न नियम, न मानवता सिर्फ़ ताक़त की भाषा।

इसी माहौल में यहां ताल ठोंककर कहा जाता है कि 'पाक अधिकृत कश्मीर' (पीओके) को वापस ले आएँगे, लेकिन अगर कल यही तिकड़ी लद्दाख, अरुणाचल या उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाले नाज़ुक सिलीगुड़ी-'चिकन नेक' कॉरिडोर को निशाना बनाती है, तो भारत के पक्ष में कौन खड़ा होगा?

जिस राष्ट्र ने नैतिकता को कमज़ोरी समझकर त्याग दिया हो, उसके लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं होता। जो समाज अपने ही अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर चुप रहता है, उसकी पुकार पर दुनिया क्यों बोलेगी?

नफ़रत की राजनीति सिर्फ़ सामाजिक ताना-बाना नहीं तोड़ती वह देश को कूटनीतिक, नैतिक और सामरिक रूप से भी अकेला छोड़ देती है। ऐसे समय में दुनिया के किसी कोने में कोई जोहरान ममदानी खड़ा होता है और नैतिकता का आइना दिखाता है। 2026 में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी अमेरिका और दुनिया की आर्थिक राजधानी के पहले मुसलमान मेयर बने। उन्हें हराने में अमेरिकी सरकार और न्यूयॉर्क की सारी पूंजी झोंक दी गई।

अलबत्ता, ग़ाज़ा पर इसराइल के हमले का कड़ा विरोध करने के बावजूद न्यूयॉर्क के यहूदियों ने बड़ी संख्या में ममदानी को वोट दिया। मोदी सरकार की आलोचना के बावजूद भारतीयों ने समर्थन दिया। ग़लत को ग़लत कहने की हिम्मत दिखाई तो गोरे-काले-पीले हर रंग के लोग एक लाख से भी बड़ी कार्यकर्ता फ़ौज बन गए और उन्हें अभूतपूर्व जीत दिलाई। वे बेख़ौफ़ कहते रहेक्अगर आप लोकतंत्र हैं, तो आपका वजूद आम लोगों की वजह से है।

जनता के वोट और नोट से बनी सरकार का कोई काम कुछ उद्योगपतियों या ग़ैर-क़ानूनी लोगों के लिए नहीं हो सकता। सरकार को हर काम जनता के लिए करना होगा और इसमें कोई धर्म, जात या राष्ट्रीयता आड़े नहीं आ सकती। एक बार फिर यह सिद्ध हुआ कि नैतिकता, प्रेम और सच्चाई किसी भी सरकार, हथियार या पूंजी से बड़ी होती है, लेकिन जो परिवार यह कहे कि भाई-चारे जैसा कोई शब्द ही शब्दकोष में नहीं उसे कौन समझाए कि ऐसे देश नहीं चलते और न ही दुनिया चलती है! (सप्रेस)

—सुश्री प्रेरणा सामाजिक कार्यकर्त्ता और गांधीवादी-अर्थशास्त्र की अध्येता हैं।

## सांसद निधि से फर्नीचर कर हेतु 1.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सांसद निधि से फर्नीचर क्रर हेतु 1,50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी की सांसद निधि से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बनखेड़ी विकासखंड के ग्राम जासरवानी के शासकीय माध्यमिक शाला में फर्नीचर क्रय (75 सेट) हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। कार्य की नोडल एजेंसी प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला जासरवानी है।




गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया


अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें ।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान

महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो
पाठक जी की चाल सांडिया रोड, पिपरिया


शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कान्फ्रेंस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान -
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

## अभा माहेश्वरी समाज के त्रिसर्ग स्टार्टअप इवेंट में जोधपुर में बनाया स्थान

### नगर आगमन पर हुआ आयुष घुरका का स्वागत

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी तीन दिवसीय महाअधिवेशन में त्रिसर्ग स्टार्टअप इवेंट के अंतर्गत कॉन्क्लेव में आयुष अजय घुरका ने आर्डिशियन का प्रमुख बन पिपरिया नर्मदापुरम सहित मप्र का नाम रोशन किया। माहेश्वरी समाज का महाकुंभ जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो के रूप में आयोजित हुआ जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला,केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यावरण मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत,राज्यपाल हरिभाऊ बागडे,मुख्यमंत्री भजनलाल की राशि का चौक अलग से प्रदान किया गया। इस दौरान त्रिसर्ग कॉन्क्लेव से जुड़े कल्पेश राठी ने बताया कि त्रिसर्ग संस्कृत का एक शब्द है जिसका तात्पर्य है सृजन के तीन चरण ये तीन चरण आईडिया, मेंटोशिप,एवं इंवेस्टमेंट तथा एक्सक्यूपशन एंड इम्पेक्ट है। आयुष के पिपरिया आगमन पर रेल्वे स्टेशन पर संकल्प फाउंडेशन, भूतपूर्व सैनिक संघ अमृतसेवा समिति, जलसेवा समिति,माहेश्वरी समाज, रामचरित मानस समिति, माहेश्वरी महिला परिषद, हिंदू उत्सव समिति, योगध्यान समिति सहित विभिन्न संगठनो के पदाधिकारी सदस्यों



शर्मा,अभाविप माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा,सचिव अजय काबरा सहित समाज के दिग्गजो की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रमों के साथ त्रिसर्ग के कार्यक्रम में देश विदेश के 60 से ज्यादा रिनॉडस इन्वेस्टर्स, मेटोर्स व एडवाईजर्स जुड़े रहे। ज्यूरी पैनल में देश के शीर्ष निवेशक मधु केला,रमेश दम्मानी, आशीष कचौलिया, आनंदराठी सहित लगभग 40 इन्वेस्टर्स शामिल थे। इस दौरान पिपरिया के टयूटर ओलाजी की शुरूआत करने वाले आयुष घुरका ने 270 से अधिक स्टार्टअप में टाप टेन 30 में आकर अपना स्टाल लगाया इसके पश्चात टापटेन 10 में प्रवेश करते हुए मुख्य मंच से प्रस्तुति दी व इन्वेस्टरो द्वारा पूछ गये प्रश्नों के जवाब दिये। आयुष अजय घुरका द्वारा नंदनी जोशी सहित अपने लगभग 100 साथियों की टीम के साथ इस स्टार्टअप को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे है। आयुष की प्रस्तुति के पश्चात ऑर्डियंस पोल में आयुष घुरका प्रथम रहे जिस पर मंच द्वारा 50हजार का पुरस्कार का चौक व स्टाल पर अच्छे प्रदर्शन पर 50 हजार ने पहुंच आयुष घुरका व परिजनो का स्वागत कर उत्साह बढाया। इस दौरान सुखदेव कालोटी,निरंजन वैष्णव,मनोज नागौत्रा,नीलम पचौरी, शशिरावत, श्यामसुंदर सोनी, सुजीत पटवा,केजी माहेश्वरी, ललित राठी,सुधीर मूंदडा,अरूणा मूंदडा,आनंद सोडानी,राजेश बाहेती, बंटी राठी, मनोज चौहान,संजय सोनी, पूर्व नपाध्यक्ष राजू जायसवाल, संजय काबरा, अशोक जैन, रवि पालीवाल,ब्रजेश राठी,मनोज चौहान,कमलेश भार्गव,ओम जावंधिया,राधेश्याम तापडिया, संदीप शर्मा, मनोज राठी, बंटी चौरसिया, गुड्डा परसाई, इकपाल जूनेजा, प्रदीप चांडक, नीता राठी,राकेश भट्टर,लाला खंडेलवाल, केशरसिंह चौधरी, राजेश सराफ ,नर्मदा दुबे, संदीप चौरसिया,मुकेश मालानी, नंदा नवीरा,राखी राठी,निशा गगरानी, मधु बाहेती, रमेश राठी , प्रेमनारायण भट्टर, श्याम हुरकट, रमेश पटेल, राजेश जायसवाल सहित सामाजिक बंधु शहर के गणमान्य नागरिक ,समाजसेवी, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 85 आवेदनों पर हुई सुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 85 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पेंशन, नामांकन, एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदनों की समस्याओं का समाधान किया गया। अन्य मामले में ग्राम चंद्रपुरा निवासी कन्हैयालाल चौरे ने वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए आवेदन दिया। श्री रावत ने सम्बंधित अधिकारी को जांच कर वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए निर्देशित किया।एक अन्य मामले में पीपल मोहल्ला,इटारसी निवासी आलोक श्रीवास्तव ने अटल पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। श्री रावत ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को योजना का लाभ प्रदाय करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार, सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## आदिवासी ग्राम घोघरी मट्ठा में नेकी की दीवार, जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।**(छगन कुशवाहा पिपरिया) ।पिपरिया, बनखेड़ी ब्लॉक के आदिवासी ग्राम घोघरी मट्ठा में अमृत सेवा समिति द्वारा नेकी की दीवार का आयोजन किया



गया। आर्थिक रूप से पिछड़े इस आदिवासी ग्राम में समिति ने जरूरतमंद ग्रामीणों, विद्यार्थियों और बुजुर्गों को गर्म कपड़े, कंबल एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की। आयोजन के दौरान 55 स्कूली बच्चों को गर्म स्वेटर व जैकेट, 50 छोटे बच्चों को स्वेटर व जूते, 45 बुजुर्गों को कंबल तथा 20 महिलाओं को साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री दी गई। ठंड के मौसम में मिली इस मदद से ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम में अमृत सेवा समिति के सुखदेव सिंह कालोटी, सुजीत पटवा, मनोज नागोत्रा, अवतार सिंह बागड़ी, चिंकू साहू, राजेश राय सहित पूर्व सैनिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केसर सिंह चौधरी, निरंजन वैष्णव, बाचावानी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष पटेल, शेखर पटेल, खुमान पटेल मौजूद रहे। वहीं भक्तांबर मंडल जैन समाज की वर्षा समैया, ऋतु जैन, सरिता जैन, योजना जैन, नमिता जैन, संगीता जैन, शोभा जैन, निक्की जैन, निधि जैन, पूजा जैन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भी सहभागिता की।घोघरी मट्ठा प्राथमिक शाला के प्रभारी सुदर्शन शुक्ला एवं भक्तांबर मंडल जैन समाज की मातृशक्तियों ने आयोजन के लिए अमृत सेवा समिति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमृत सेवक सुखदेव सिंह कालोटी ने पिपरिया नगर के सेवाभावी नागरिकों का धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग करने का आह्वान किया।


**मकान बेचना है**

एक दो मंजिला मकान सरदार वार्ड में अन्दर मेन रोड पर स्थित बेचना है मकान का साइज 20 x 50=1000 वर्गफुट है। जिसमें अभी टेन्ट हाउस चलता है। उक्त मकान मेरे स्वयं रामलाल कहार के नाम से है। कृपया वास्तविक इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें।

रामलाल कहार

सरदार वार्ड, पिपरिया मो. 9981287323

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

**मिलने का समय-**
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM

**मिलने का समय-**
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट - आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें )
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ-डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

स्थान-अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com